खंड 23

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट परिवार को नमस्कार, और अश्वेत इतिहास माह की शुभकामनाएँ!

मैं हमारे शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों का कार्यालय और स्कूल भवनों में वापस लौटने पर फिर से धन्यवाद करना चाहती हूँ, और स्कूलों में हमारे कुछ विद्यार्थियों को वापस लाने की तैयारी के दौरान उनकी कड़ी मेहनत और लगन के लिए धन्यवाद देती हूँ। बुधवार "फील्ड डे" को अपने स्कूलों के दौरे पर हमारे ज़्यादातर स्टाफ को भवन में लौटता देख मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ। हमारा स्टाफ भवनों में वापस लौटने और आने वाले सप्ताहों में हमारे विद्यार्थियों के आमने-सामने के अनुदेश में लौटने पर उनका स्वागत करने की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मौजूद था।

मैं हमारे शानदार प्रिंसिपलों को शिक्षकों और विद्यार्थियों के सुरक्षित वापस लौटने के लिए हमारे भवनों को तैयार करने में उनकी कड़ी मेहनत के लिए विशेष रूप से बधाई देती हूँ।

हमने हमेशा से ही रोग नियंत्रण केंद्र (CDC) की वैज्ञानिक सूझबूझ और मार्गदर्शन का पालन किया है।  CDC की अनुशंसा है कि स्कूलों को जितना जल्दी हो फिर से खोल दिया जाना चाहिए। विज्ञान हमारे पक्ष में है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला है कि, "इस बात के सबूत बहुत ही कम हैं कि स्कूल समुदाय संक्रमण के महत्वपूर्ण कारकों में से एक हैं।" CDC ने यह भी कहा है कि स्कूलों को बंद रखने से "विद्यार्थियों की अकादमिक प्रगति, मानसिक स्वास्थ्य, और ज़रूरी सेवाओं तक पहुँच गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है।"  हमारे समुदाय को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए, हम सभी को सतर्क रहने और उन शमन रणनीतियों का पालन करने की याद दिलाते हैं जो कि हमारे परिसरों में संक्रमण के जोखिम को कम करेंगी।

ऐसे कई कारण हैं जिनके लिए 'मुझे DeKalb से प्यार है,' लेकिन सबसे बड़ा कारण यह है कि स्टाफ हमारे विद्यार्थियों के प्रति पूरी तरह से समर्पित है और गर्व महसूस करता है। हमारे कार्यालयों और स्कूल भवनों में वापस लौटने, और आखिरकार हमारे विद्यार्थियों की वापसी की तैयारी करने के लिए कदम उठाने वास्ते धन्यवाद। आप बच्चों के लिए असली चैम्पियन हो! इस चुनौतीपूर्ण समय में बढ़िया काम करने के लिए धन्यवाद।

फील्ड डे

Bob Mathis एलिमेंटरी स्कूल, Dresden एलिमेंटरी स्कूल, Idlewood एलिमेंटरी स्कूल, Rowland एलिमेंटरी स्कूल, एलिमेंटरी स्कूल, Columbia मिडिल स्कूल और Henderson मिडिल स्कूल में 3 फरवरी को आपमें से कुछ को देख कर बहुत अच्छा लगा।

मुझे स्कूल की सुरक्षा प्रोटोकॉल पर कार्रवाई, और हमारे शिक्षकों द्वारा उनकी कक्षाओं से वर्चुअल पढ़ाई कराते देखने का अवसर मिला। वह बहुत ही सकारात्मक दिन था। उन छह स्कूलों के लीडरों, शिक्षकों और स्टाफ के आतिथ्य के लिए मैं उनका धन्यवाद करती हूँ।

मैं क्षेत्रीय उपाधीक्षक Dr. Triscilla Weaver और Southwest DeKalb हाई स्कूल प्रिंसिपल Dr. Thomas Glanton और उनके स्टाफ द्वारा FOX 5 Atlanta और WSB को स्कूल का दौरा करने और स्कूल की सुरक्षा प्रोटोकॉल दर्शाने की अनुमति देने के लिए भी धन्यवाद देना चाहती हूँ। आशा करते हैं कि नए स्टेशनों की रिपोर्ट हमारे DCSD परिवारों को एक स्पष्ट तस्वीर देगी कि किस प्रकार से हमने अपने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को हमारे स्कूलों में सुरक्षित रखने की योजना बनाई है।

**वर्चुअल टाउन हॉल**

जब तक कि हमारे परिवार फिर से प्रवेश के विकल्प पर निर्णय लेते हैं, कृपया वर्चुअल शिक्षा, परिवहन, सुरक्षा नियमों, आदि के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी के लिए फिर से खोले जाने से जुड़ी साइट पर जाते रहें। हम माता-पिता के लिए 11 फरवरी, 2021 को शाम 6 से 7 बजे तक एक अन्य वर्चुअल टाउन हॉल का आयोजन करने जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएं।

मैं हमारे परिवारों को वर्चुअल कम्युनिटी इनपुट मीटिंग के लिए 8 फरवरी, 2021 को सुबह 11:30 बजे हमारी शिक्षा बोर्ड की बैठक देखने के लिए भी प्रोत्साहित करती हूँ। हम आमने-सामने के अनुदेश के संबंध में नई जानकारी प्रदान करेंगे। आप DeKalb काउंटी में चैनल 24 पर या ऑनलाइन DSTV पर इस बैठक को देख सकते हैं।

**शमन रणनीतियां**

स्कूल में COVID-19 की शुरुआत और संचरण के जोखिम स्तर को और कम करने की CDC की पाँच मुख्य शमन रणनीतियाँ इस प्रकार से हैं:

- मास्क का निरंतर और सही उपयोग
- जितना अधिक संभव हो सोशल डिस्टेन्सिंग
- हाथों की धुलाई
- सफाई और कीटाणु नाशन
- DeKalb स्वास्थ्य बोर्ड के सहयोग से संपर्क अनुरेखण

हम विद्यार्थियों को अभी इन रणनीतियों का अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, ताकि पुनःप्रवेश आरंभ होने पर उन्हें मास्क पहनने, सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करने और हाथों को धोने की आदत पड़ जाए।

CDC के अनुसार, वैसे तो हाथों को धोना कीटाणुओं का फैलना रोकने और COVID-19 वायरस फैलने के जोखिम को कम करने का एक महत्वपूर्ण तरीका होता है, हाथों को साबुन से कम से कम 20 सेकंड के लिए धोना या साबुन और पानी तुरंत उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में कम से कम 60 प्रतिशत अल्कोहल आधारित हैंड सेंटीटाइज़र का उपयोग करने से बीमारी उत्पन्न करने वाले कीटाणुओं का प्रसार कम हो जाता है। गरम और ठंडे दोनों प्रकार के पानी से आपके हाथों के समान संख्या के कीटाणु हटते हैं।

COVID-19 के प्रसार को कम करने के लिए सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल CDC और DeKalb काउंटी शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी स्वास्थ्य दिशानिर्देशों के अनुसार हैं। उचित रूप से हाथ धोने की प्रक्रिया के ऊपर अधिक जानकारी के लिए, कृपया CDC की वेबसाइट पर जाएं और ऑपरेशन्स COVID-19 संबंधी दिशानिर्देशों के लिए, कृपया https://www.dekalbschoolsga.org/school-reopening/safety-protocol/ पर जाएं।

**व्यापक मास्टर प्लान**

डिस्ट्रिक्ट के शिक्षा मिशन का समर्थन करने के लिए DCSD ने सभी स्कूलों और प्रशासनिक सुविधाओं के साथ ही बुनियादी ढांचे का मूल्यांकन करने का व्यापक मास्टर प्लान बनाया है। हम विद्यार्थियों, माता-पिता, कर्मचारियों और समुदाय के सदस्यों को वेबसाइट पर जाने और THINK BIG सर्वेक्षण को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस वेबसाइट में व्यापक मास्टर प्लान की विस्तृत योजनाएं और विधियां बताई गई हैं। प्लान के आगे बढ़ने के साथ ही, आम जनता को अधिक जानकारी और अतिरिक्त सर्वेक्षण उपलब्ध कराए जाएंगे।

एक बार फिर से, इस अनिश्चित समय में हमारे सफर में धैर्य से साथ देने के लिए धन्यवाद। हालांकि भविष्य में क्या होगा यह नहीं कहा जा सकता, फिर भी मैं स्कूल फिर से खोले जाने के लिए हमारे शिक्षकों और स्टाफ की भावनाओं को देखकर प्रेरित हुई हूँ। हम अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को अपनी सबसे बड़ी प्राथमिकता बनाना जारी रखेंगे। सहायता देने और निरंतर समर्थन देने के लिए के लिए धन्यवाद। बेहतर भविष्य की कामना करते हुए!

आपकी #1 चीयरलीडर,

Mrs. Cheryl Watson-Harris